## एक नजर में



### तालाब में रहने वाले मगरमच्छ का रेस्क्यू

**सीधी.** जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारगंज में पिछले आठ महीने से तालाब में रह रहे मगरमच्छ का रविवार को रेस्क्यू किया गया. वन विभाग की टीम ने कई घंटे की कार्रवाई के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा और उसे सोन नदी के भंवरसेन घाट में छोड़ दिया. मगरमच्छ के हटने के बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली. ग्राम शिकारगंज का तालाब आदिवासी बस्ती के लोगों के लिए पानी का प्रमुख स्रोत है. ग्रामीण इसी तालाब का उपयोग नहाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए करते हैं. मगरमच्छ की मौजूदगी के कारण लंबे समय से लोगों में भय बना हुआ था. ग्रामीणों के मुताबिक कई बार छोटे बच्चे अनजाने में तालाब के पानी में उतर जाते थे और मगरमच्छ उनके पास तक पहुंच जाता था.

### दो पक्षों की हिंसक झड़प में युवक की मृत्यु

**सतना.** जिले के कोटर थाना क्षेत्र के खोहर गांव में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार रामभान सिंह और अनंत प्रताप सिंह के बीच विवाद हो गया, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गया. दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट हुई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान शनिवार को अनंत प्रताप सिंह की मृत्यु हो गई. रामभान सिंह का उपचार जारी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

### देवी-देवताओं की मूर्तियां मामले में एफआईआर दर्ज

**जबलपुर.** केंट थाना क्षेत्र में एक असहाय महिला को आर्थिक मदद का झांसा देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया. आरोपियों ने जबरन धर्मांतरण कराने का प्रयास किया बल्कि महिला के घर में घुसकर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां हटाने का दबाव भी बनाया. पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के अनुसार, सपना मलिक केंट इलाके में अपने बेटे के साथ रहती हैं. नवंबर 2025 में कजरवारा रोड पर उनकी एक्सेस गाड़ी खराब हो गई थी. इसी दौरान उनकी मुलाकात राजेश सिलास से हुई. राजेश ने खुद को मददगार बताते हुए महिला को बहन कहा और भरोसा दिया कि वह उसे अपना भाई समझे. इस तरह उसने महिला का विश्वास जीता और बातचीत शुरू की. विश्वास जीतने के बाद राजेश सिलास महिला के घर पहुंचा और आर्थिक सहायता के नाम पर 2,000 दिए. इसके बाद वह लगातार मदद का नाटक करता रहा. कुछ दिनों बाद राजेश पीड़िता को डुमना रोड स्थित हिल्टन होटल के पास ले गया.


### ब्राउन शुगर के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर.** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंदसौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने 20 किलो अवैध ब्राउन शुगर बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है. पुलिस अधीक्षक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल तथा सीएसपी जितेंद्रसिंह भास्कर के मार्गदर्शन में थाना नई आबादी पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर घेराबंदी कर कार्रवाई की. तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 20 किलो ब्राउन शुगर, दो चार पहिया वाहन एवं सात मोबाइल फोन बरामद किए गए. आरोपियों के विरुद्ध थाना नई आबादी में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8/21/29 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय थे.

# मन की बात से प्रेरित हुए कार्यकर्ता

## किसानों को हेलमेट देगी सरकार : मोहन यादव

- 134वें 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण
- विकास योजनाओं को लेकर कई घोषणाएं कीं



**भोपाल, 31 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का रविवार को मध्यप्रदेश के विभिन्न बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के शुजालपुर में, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल में तथा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने खंडवा जिले के मांधाता में किसानों, कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ कार्यक्रम सुना.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'मन की बात' राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाला प्रेरणादायी संवाद है, जो समाज, संस्कृति, नवाचार और जनभागीदारी के माध्यम से सकारात्मक बदलाव की दिशा दिखाता है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. गांवों से शहरों तक कृषि उत्पाद लेकर आने वाले किसानों की सुरक्षा के लिए सरकार हेलमेट उपलब्ध कराएगी.

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से रिकॉर्ड गेहूं खरीदी की गई है. करीब 14 लाख किसानों से गेहूं खरीदकर नया कीर्तिमान बनाया गया है. उन्होंने कहा कि सोयाबीन के लिए भावांतर योजना और उड़द पर पहली बार बोनस देकर सरकार अपने वादे निभा रही है. मूंग खरीदी की भी तैयारी की जा रही है.

> भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 'मन की बात' देशभर की प्रेरक कहानियों और नवाचारों को पहचान दिलाने वाला मंच बन चुका है. वहीं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत कर रहा है. प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भोपाल और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में कार्यक्रम का श्रवण किया. इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान, भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे.

उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है. दूध उत्पादन बढ़ाने, गौशालाओं के विस्तार और किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं.

# खंडवा-बुरहानपुर ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़

## एमआर समेत 4 गिरफ्तार



**खंडवा, 31 मई. मध्य प्रदेश को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत खंडवा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुरहानपुर-खंडवा ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (MR) समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 1600 प्रतिबंधित नशीली गोलियां जब्त की हैं.**

मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बमनगांव रोड रेलवे ओवरब्रिज के पास से खंडवा निवासी मोहम्मद रईस और शेख साहिल को पकड़ा. उनके कब्जे से 100 अल्प्राजोलम टैबलेट, बिना नंबर की स्कूटी, मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई. पूछताछ में दोनों ने बुरहानपुर से नशीली दवाएं लाने की जानकारी दी.

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बुरहानपुर में छापा मारकर मुख्य सप्लायर फारिस को गिरफ्तार किया और उसके पास से 1500 अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त कीं. वहीं दूसरा आरोपी सुभाष महाजन फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है.

### सप्लायरों पर होगी जल्द कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, पूरी कार्रवाई में जब्त नशीली गोलियों की कीमत करीब 50 हजार रुपये है, जबकि वाहन, मोबाइल और नकदी सहित कुल जब्ती सवा लाख रुपये से अधिक की है. कानूनी प्रक्रिया के तहत जब्ती की वीडियोग्राफी कर दवाओं को सील किया गया है. जांच में सामने आया कि मोहम्मद रईस इस नेटवर्क का मुख्य डिलीवरी बॉय था और उसके खिलाफ पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं. उसने शहर के कई इलाकों में नशीली गोलियां सप्लाई करने की बात स्वीकार की है. पुलिस अब आरोपियों को रिमांड पर लेकर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य खरीदारों और सप्लायरों पर भी कार्रवाई की जाएगी.



# जलजीवन मिशन में देरी पर मंत्री लखन पटेल सख्त

- 350 गांवों में धीमी गति से चल रहे काम की समीक्षा
- समय पर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**दमोह, 31 मई. मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री लखन पटेल ने रविवार को दमोह के जटाशंकर स्थित कार्यालय में जलजीवन मिशन योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली. बैठक में योजना से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदारों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए.**

राज्यमंत्री श्री पटेल ने सीतानगर और पंचमनगर परियोजनाओं से पेयजल योजना के सुचारू क्रियान्वयन, कार्य पूर्ण न होने के कारणों और योजना में हो रही देरी की समीक्षा की. राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि पथरिया, बटियागढ़, हटा सहित क्षेत्र के 350 गांवों में योजना से जलापूर्ति होनी है. लेकिन कल निरीक्षण में कार्य की गति अत्यंत धीमी पाई गई. योजना में देरी से जनता को परेशानी हो रही है. बैठक में बताया गया कि भुगतान न होने के कारण योजना का कार्य रुका हुआ है. इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ताकि समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके. राज्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि काम में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं होगी.

### पुलिस कस्टडी में दो माह में चार मौतों पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की युगलपीठ ने छतरपुर में पुलिस कस्टडी में दो माह के भीतर चार मौतों के मामले को गंभीरता से लिया. न्यायालय ने मामले में थानों के सीसीटीव्ही फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश देते हुए राज्य शासन सहित अन्य से जवाब तलब किया है. इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को निर्धारित की गई है. यह जनहित का मामला याचिकाकर्ता खजुराहो निवासी समाजसेवी पीयूष दीक्षित की ओर से दायर किया गया है. जिनकी ओर से दलील दी गई कि छतरपुर जिले के विभिन्न थानों में महज दो माह के भीतर चार युवकों की पुलिस कस्टडी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है. इन मौतों के लिए पुलिस की थर्ड डिग्री जिम्मेदार है. जिस कारण मामले की जांच सीबीआई से कराने, दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने और सीसीटीवी फुटेज और काल डिटेल रिकार्ड तत्काल जब्त करने के निर्देश जारी किये जाने की राहत चाही गई.

# महिला ने तीन बेटियों के साथ दी जान



**शहडोल, 31 मई. महिला ने अपनी तीन बेटियों को कीटनाशक खिला दिया, फिर खुद भी निगल लिया. इससे चारों की तबीयत बिगड़ गई. बड़ी बेटी ने घर से बाहर आकर पड़ोसियों को पुकारा. सारी बात बताई.**

पड़ोसी चारों को लेकर ब्यौहारी अस्पताल भागे. जहां डॉक्टरों ने महिला और छोटी दो बेटियों को मृत घोषित कर दिया जबकि बड़ी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मामला हिरवार गांव में रविवार का है. मृतकों की पहचान अनिता सिंह (32) और उसकी बेटियों-रितिका (7), कृष्णकुमारी (4) और अर्पिता (2) के रूप में हुई है.

पड़ोसियों ने बताया कि अनिता का पति ड्राइवर है. रोजी-रोटी कमाने दूसरे शहर गया है. घटना के समय घर में मां-बेटियां ही थीं. सूचना मिलते ही पपौंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पड़ोसियों के बयान दर्ज किए. महिला के पति को फोन कर जानकारी दी.

> **कीटनाशक देने के बाद घर में आग लगाई थी**
>
> टीआई बृजेंद्र मिश्रा ने कहा- बड़ी बेटी रितिका ने पड़ोसियों को बताया कि अनीता ने बेटियों को खांसी की दवा कहकर कीटनाशक दिया था. फिर घर में रखे सभी दस्तावेज, कपड़े, फोटो और अनाज में आग लगा दी थी. कीटनाशक की कम मात्रा गले से नीचे जाने पर रितिका बेसुध नहीं हुई. वह घर से बाहर आई और शोर मचाया.

### कुएं में गिरने से 7 वर्षीय मासूम की मौत

**सिंगरौली.** चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत नटवार गांव में बीते शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां कुएं में गिरने से एक मासूम की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार प्रकाश सिंह गोड़ पिता शिवकुमार सिंह गोड़ उम्र 7 वर्ष दोपहर के समय घर के पास स्थित कुएं में पानी भरने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह सीधे कुएं में जा गिरा। काफी देर तक जब बच्चा वापस नहीं लौटा, तो परिजनों को आशंका हुई और तलाश शुरू की गई। परिजनों ने जब कुएं के पास पहुंचकर देखा तो मासूम पानी में पड़ा मिला.

# 111 स्थानों पर योग का महाअभियान चलाएगा भारतीय योगिनी संघ




**भोपाल, 31 मई. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय योगिनी संघ देशभर में 111 स्थानों पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित करेगा. योग और स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित यह अभियान पिछले वर्ष 72 स्थानों पर हुए आयोजनों की तुलना में कहीं बड़ा होगा और नया कीर्तिमान स्थापित करेगा.**

भारतीय योगिनी महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. एच. लता ने बताया कि राष्ट्रीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 1 जून से 21 जून तक देश के विभिन्न राज्यों में योग, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इन आयोजनों को वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का भी प्रयास किया जाएगा. उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम और दिल्ली सहित कई राज्यों में संघ की इकाइयां इस अभियान को सफल बनाने में जुटी हैं.

डॉ. लता ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार है. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले ये कार्यक्रम लोगों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे. उन्होंने सभी योगिनी बहनों को उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्पण के लिए शुभकामनाएं दीं.

# विधायक शाक्य का अपनी सरकार पर हमला



**गुना, 31 मई. मध्य प्रदेश भाजपा में अंदरूनी खींचतान एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है. गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने सिंधिया समर्थक मंत्रियों, विशेषकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'अयोग्य मंत्री' करार दिया है. उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ऐसे मंत्रियों को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग भी की है.**

अपने विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के सिलसिले में बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे विधायक शाक्य ने कहा कि ऊर्जा मंत्री दिखावे की राजनीति करते हैं और खुद को बहुत बड़ा ज्ञानी समझते हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मंत्री कभी बिजली के खंभों पर चढ़ते हैं तो कभी नालियों में उतर जाते हैं, लेकिन इससे जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होता. शाक्य ने कहा कि जनता को दिखावटी नेताओं की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले जनप्रतिनिधियों की जरूरत है. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मंत्री अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे सरकार और मुख्यमंत्री की छवि प्रभावित हो रही है.

> विधायक ने कहा कि वे जल्द ही भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे और मंत्रिमंडल में शामिल ऐसे लोगों को हटाने की मांग करेंगे जो जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं. उनका कहना था कि जो व्यक्ति काम नहीं कर सकता, उसे पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पन्नालाल शाक्य का यह बयान भाजपा के भीतर पुराने नेताओं और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक खेमे के बीच चल रही खींचतान का संकेत है. उनके बयान के बाद पार्टी के अंदरूनी समीकरणों और गुटबाजी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं.

### श्रद्धांजलि सभा में याद की जाएंगी नायक की माताजी

**भोपाल.** मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की पूज्य माताजी कांतिदेवी नायक की स्मृति में 1 जून को भोपाल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी. कांतिदेवी नायक का 20 मई 2026 को निधन हो गया था. दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए आयोजित इस सभा में परिवारजन, राजनीतिक सहयोगी, शुभचिंतक एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे.



# मन की बात से मिलती है राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : शुक्ल

**भोपाल/रीवा, 31 मई .उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को रीवा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण का जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ श्रवण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचार समाज, राष्ट्र निर्माण और जनभागीदारी को नई दिशा देते हैं, जिन्हें आत्मसात करने की आवश्यकता है.**

जनपद पंचायत रीवा परिसर में कार्यक्रम सुनने के बाद उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक और प्रेरक कार्यों पर विशेष ध्यान देते हैं. मन की बात के माध्यम से वे खिलाड़ियों, नवाचार करने वालों और समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों का उल्लेख कर उनका उत्साहवर्धन करते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक क्षण राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है और हम सभी को भी अपने-अपने दायित्वों का सर्वोत्तम निर्वहन करना चाहिए.

शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश में कृषि कल्याण वर्ष के दौरान रिकॉर्ड गेहूं खरीदी हुई है. रीवा क्षेत्र बाणसागर परियोजना की नहरों से समृद्ध हुआ है, जिसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा. उन्होंने युवाओं से नशे और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की अपील करते हुए सकारात्मक कार्यों में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया.

> **पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें**
>
> उप मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण और जल संग्रहण को समय की आवश्यकता बताते हुए आमजन से इसमें सक्रिय सहयोग देने की अपील की. उन्होंने कहा कि आगामी वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए. कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्त, जनपद अध्यक्ष संगीता यादव, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जनपद सीईओ पूनम दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

### आकाशीय बिजली गिरने से दो युवाओं की मृत्यु

**शहडोल.** अमरकंटक में तेज वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो युवाओं की मृत्यु हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई. शनिवार शाम हर्ष टांडिया और आरती वर्मा एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे. उनके साथ राधा टांडिया भी थी. इसी दौरान तेज वर्षा शुरू होने पर तीनों एक वृक्ष के नीचे खड़े हो गए. सूत्रों ने बताया कि वृक्ष के समीप आकाशीय बिजली गिरने से हर्ष टांडिया और आरती वर्मा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. जबकि राधा टांडिया गंभीर रूप से घायल हो गई. घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

**कूनो** जहां कभी मौत जैसा सन्नाटा था, वहां अब गूंज रही है जिंदगी की आवाज, भेड़िए लौटे, दुर्लभ पक्षी आए


# जहां चीते ही नहीं, जंगल की आत्मा भी लौटी

नीरज शर्मा

**श्योपुर, 31 मई. यह सिर्फ एक जंगल की कहानी नहीं, बल्कि उस बदलाव की दास्तान है जिसने सूखी धरती में फिर से जीवन फूंक दिया. यह कूनो की कहानी है, जो आज दुनिया के सबसे चर्चित वन्यजीव परिदृश्यों में शामिल है. यहां चीते केवल लौटे नहीं हैं, बल्कि अपने साथ जंगल की खोई हुई जीवंतता भी वापस लेकर आए हैं.**

कुछ वर्ष पहले तक कूनो की गर्मियां वन्यजीवों के लिए कठिन परीक्षा होती थीं. नदी के अलावा पानी का कोई भरोसेमंद स्रोत नहीं था और जंगल का बड़ा हिस्सा सूखे की चपेट में रहता था. वन्यजीव पानी की तलाश में भटकते थे. स्थिति तब बदली जब सौर ऊर्जा आधारित जल-उठान परियोजनाओं के माध्यम से कूनो नदी का पानी दूरस्थ जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंचाया गया. आज जहां कभी धूल उड़ती थी, वहां पानी से भरे तालाब दिखाई देते हैं और उनके आसपास वन्यजीवों की चहल-पहल नजर आती है. कूनो आज केवल चीतों का घर नहीं, बल्कि भारत में वन संरक्षण की एक बड़ी सफलता की मिसाल बन रहा है. यहां की असली उपलब्धि किसी एक प्रजाति की वापसी नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का पुनर्जन्म है. कूनो यह संदेश देता है कि जब संरक्षण, विज्ञान और मजबूत इच्छाशक्ति साथ मिलकर काम करते हैं, तो प्रकृति स्वयं चमत्कार रच देती है. कूनो के डीएफओ आर. थिरुकुरल के अनुसार, चीता परियोजना अब केवल वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम नहीं रह गई है. इसने संरक्षण गतिविधियों को गति दी है, पर्यटन को बढ़ावा दिया है, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है और पूरे क्षेत्र को नई पहचान प्रदान की है.

कूनो के आसपास के गांवों में भी बदलाव स्पष्ट दिखाई देता है. पर्यटन बढ़ने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं. लोग नेचर गाइड, पर्यटन सहयोगी और संरक्षण गतिविधियों से जुड़ रहे हैं.



### लौट आई दुर्लभ प्रजातियां

कूनो की उपलब्धि केवल चीता परियोजना तक सीमित नहीं है. यहां भारतीय भेड़िया फिर दिखाई देने लगा है. जंगली कुत्ते (ढोल) की मौजूदगी दर्ज हुई है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुर्लभ *फॉरेस्ट आउलेट* भी अब नियमित रूप से देखा जा रहा है. यह संकेत है कि जंगल का प्राकृतिक संतुलन तेजी से मजबूत हो रहा है.

> **शाम होते ही सजता है वन्यजीवों का संसार**
>
> कूनो के जलाशयों के आसपास शाम का दृश्य किसी वन्यजीव डॉक्यूमेंट्री जैसा दिखाई देता है. चीतल, सांभर और नीलगायों के झुंड पानी के स्रोतों के आसपास देखे जा सकते हैं. तेंदुओं की मौजूदगी भी दर्ज होती है, जबकि सियारों की आवाजें जंगल की सक्रियता का संकेत देती हैं. पक्षियों का कलरव पूरे क्षेत्र में गूंजता है, जो स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमाण है.